सेट - 2013-14

विषय कोड / Subject Code : 358 पुस्तिका क्रम / Question Paper Series : A

विषय / Subject : Hindi

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 75

3581021

प्रश्न पत्र – तृतीय / QUESTION PAPER - 3

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) :

(शब्दों में / In Words) ..............................

समय / Time : $2\frac{1}{2}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 150

**INSTRUCTIONS :**

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning :*** If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोलें को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न-पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न-पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 निम्नांकित में से किस युग्म के दोनों कवि संप्रदाय निरपेक्ष कृष्णभक्त कवि हैं ?

(1) मीरा और रामराय

(2) मीरा और हित हरिवंश

(3) रसखान और मीरा

(4) रसखान और छीतस्वामी

2 16 वीं – 17 वीं शताब्दी (भक्तिकाल) को हिन्दी का स्वर्णयुग मानने वाले पहले विद्वान हैं :

(1) तासी (2) शिवसिंह सेंगर

(3) ग्रियर्सन (4) नगेन्द्र

3 (क) सिद्धों की वाममार्गी भोग प्रधान योग साधना की प्रतिक्रिया के रूप में आदिकाल में नाथ पंथियों की हठयोग साधना आरंभ हुई।

(ख) सिद्धगण नारी भोग में विश्वास करते थे किंतु नाथ पंथी उनके विरोधी थे।
इन कथनों से संबद्ध सही विकल्प है।

(1) कथन (क) गलत है, कथन (ख) सही है।

(2) कथन (क) और कथन (ख) एक–दूसरे के पूरक हैं।

(3) दोनों कथन गलत हैं।

(4) दोनों कथन एक–दूसरे के विरोधी हैं।

4 "हिय निर्गुन नयनन्हिं सगुन, रसना नाम सुनाम।
मनहुँ परट–संपुट लसत, तुलसी ललित ललाम॥"
तुलसी की इन पंक्तियों का आशय है :

(1) तुलसी विशुद्ध राम भक्त थे।

(2) तुलसी द्वारा यहाँ निर्गुण एवं सगुण का समन्वय अभिप्रेत है।

(3) तुलसी हृदय की शुद्धि की बात करते हैं।

(4) तुलसी राम के गुणों के बजाय रूप पर मुग्ध हैं।

5 हिन्दी के संतकाव्य में किस धर्म की स्थापना का प्रयास है ?

(1) इस्लाम धर्म (2) हिन्दू धर्म

(3) विश्व धर्म (4) जैन धर्म

6 संत काव्य के संदर्भ में कौन सी उक्ति सही नहीं है ?

(1) संत काव्य में युगबोध मिलता है।

(2) संत काव्य की भाषा कृत्रिमताविहीन, सरल और सहज है।

(3) संत काव्य में रस निरूपण का विशेष प्रयास मिलता है।

(4) संत काव्य में आत्मानुभूति की प्रामाणिकता पर बल दिया है।

7 हिन्दी प्रेमाख्यान काव्य परम्परा की फारसी मसनवियों से प्रभावित मानने के लिए आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इनमें से कौन से तर्क को आधार बनाया ?

(1) हिन्दी प्रेमाख्यानों के कथानक

(2) हिन्दी प्रेमाख्यानों के नायकों के नाम

(3) हिन्दी प्रेमाख्यानों के प्रेमचित्रण में नायिका की अपेक्षा नायक में विरह का आधिक्य

(4) प्रेमाख्यानों की भाषा

8 निम्नलिखित रचनाओं और उनके रचनाकारों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | मृगावती | (i) | मंझन |
| (ख) | पद्मावत | (ii) | मलिक मुहम्मद जायसी |
| (ग) | चान्दायन | (iii) | कुतुबन |
| (घ) | मधुमालती | (iv) | मुल्ला दाऊद |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

9 वैष्णव भक्ति के प्रतिष्ठापक आचार्यों में इनमें से नहीं है :

(1) श्री रामानुजाचार्य (2) श्री शंकराचार्य

(3) श्री वल्लभाचार्य (4) श्री निम्बार्काचार्य

10 "उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है। उसमें केवल लोक और शास्त्र का ही समन्वय नहीं है।" तुलसी के संदर्भ में यह पंक्ति किसने लिखी है?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (2) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(3) आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी (4) विश्वंभरनाथ उपाध्याय

11 अष्टछाप के भक्त कवियों में वल्लभाचार्य के शिष्य कौन थे?

(1) सूरदास, कुंभनदास, परमानंददास, नंददास

(2) सूरदास, परमानंददास, कुंभनदास, कृष्णदास

(3) कुंभनदास, सूरदास, परमानंददास, छीतस्वामी

(4) सूरदास, कुंभनदास, परमानंददास, चतुर्भुजदास

12 मध्यकालीन गौड़ीय संप्रदाय का किससे संबंध है ?

(1) कृष्ण भक्ति काव्य से

(2) संत काव्य से

(3) सूफी काव्य से

(4) राम भक्ति काव्य से

13 ''जान्यो चहेजु थोरे ही रस कबित्त को बंस।
तिन्ह रसिकन के हेतु यह कीन्हों रस सारंस।''
ये पंक्तियाँ रीति साहित्य की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत करती है ?

(1) आचार्यत्व

(2) रीति सिद्ध

(3) रीतिमुक्त

(4) भक्ति

14 रीतिकाल में इनमें से कौन सी परिस्थिति नहीं थी?

(1) विलास वैभव का खुला प्रदर्शन।

(2) समाज में सामन्तशाही के दोष दिखाई दे रहे थे।

(3) औरंगजेब की धार्मिक सहिष्णुता के कारण उपद्रव शांत हो गये थे।

(4) कवियों को आश्रयदाता की रुचियों का ध्यान रखना पड़ता था।

15 रीतिमुक्त काव्य की विशेषता इनमें से नहीं है :

(1) प्राचीन काव्य परम्परा का त्याग

(2) व्यथाप्रधान प्रेम वर्णन

(3) ऐन्द्रीय वासना की प्रधानता

(4) भावावेगों की मुक्त भाव से अभिव्यक्ति

16 ''लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहिं तो मेरे कवित्त बनावत।''
यह पंक्ति किसकी है?

(1) आलम

(2) मतिराम

(3) घनानन्द

(4) बोघा

17 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' प्रहसन के रचनाकार कौन थे?

(1) देवकीनन्दन खत्री (2) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(3) प्रतापनारायण मिश्र (4) श्रीधर पाठक

18 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) भाग्यवती – श्रद्धाराम फुल्लौरी

(2) परीक्षागुरु – श्रीनिवासदास

(3) धूर्त रसिकलाल – लज्जाराम शर्मा

(4) चन्द्रावली – किशोरीलाल गोस्वामी

19 तिलस्मी ऐय्यारी उपन्यास कौन सा है ?

(1) भाग्यवती (2) चंद्रकान्ता

(3) रस रहस्य (4) प्राचीन वृक्ष

20 निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) प्रगतिवाद – मानववाद

(2) प्रगतिवाद – अध्यात्म

(3) प्रगतिवाद – वर्गसंघर्ष

(4) प्रगतिवाद – सामाजिक यथार्थ

21 प्रगतिवाद से जुड़ा हुआ रचनाकार नहीं है –

(1) रामविलास शर्मा (2) रांगेय राघव

(3) केदारनाथ अग्रवाल (4) अज्ञेय

22 ''इस कविता में ह्रासोन्मुखी मध्यमवर्गीय समाज का जीवन चित्र है। इसमें मध्यवर्गीय व्यक्ति–जीवन की समस्त जड़ता, कुंठा, अनास्था, पराजय और मानसिक संघर्ष के सत्य को बड़ी बौद्धिकता के साथ उद्घाटित किया गया है।'' ये पंक्तियाँ किस काव्य के संदर्भ में सटीक है?

(1) प्रयोगवादी काव्य (2) साठोत्तरी काव्य

(3) प्रगतिवादी काव्य (4) द्विवेदी युगीन काव्य

23 "क्षणवादी और लघु मानववादी दृष्टि जीवनमूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टि है।"
यह पंक्ति किस कविता के लिए सटीक है?

(1) छायावादी काव्य
(2) नयी कविता
(3) अकविता
(4) भूखी पीढ़ी की कविता

24 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) इन्दुमती – सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित
(2) इन्दुमती – सन् 1900 – प्रकाशन वर्ष
(3) इन्दुमती – किशोरीलाल गोस्वामी लेखक
(4) इन्दुमती – सुदर्शन पत्रिका में प्रकाशित

25 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सेवासदन | (i) | 1931 |
| (ख) | गबन | (ii) | 1918 |
| (ग) | रंगभूमि | (iii) | 1926 |
| (घ) | कायाकल्प | (iv) | 1925 |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

26 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | वृन्दावनलाल वर्मा | (i) | अप्सरा |
| (ख) | निराला | (ii) | हृदय की परख |
| (ग) | चतुरसेन शास्त्री | (iii) | चित्रलेखा |
| (घ) | भगवतीचरण वर्मा | (iv) | गढ़ कुंडार |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

27 (क) 'शेखर एकजीवनी' (1941) के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी उपन्यास की दिशा में एकनया मोड़ आया।

(ख) दादा कामरेड (1941) में पूँजीवाद का विरोध और समाजवाद का समर्थन है। इन कथनों से संबद्ध सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) दोनों सही

(2) (क) सही, (ख) गलत

(3) दोनों गलत

(4) (क) गलत, (ख) सही

28 कौन सा युग्म सुमेलित है?

(1) फणीश्वरनाथ रेणु – रतिनाथ की चाची

(2) नागार्जुन – परती परिकथा

(3) राही मासूम रज़ा – आधा गाँव

(4) रांगेय राघव – सूखता हुआ तालाब

29 कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(1) कमलेश्वर – जहाँ लक्ष्मी कैद है

(2) राजेन्द्र यादव – खोई हुई दिशाएँ

(3) मोहन राकेश – मलबे का मालिक

(4) इलाचंद्र जोशी – गेंग्रीन

30 कौन सा नाटक भारतेंदु हरिश्चन्द्र रचित नहीं है?

(1) भारत आरत (2) अंधेर नगरी

(3) सत्य हरिश्चन्द्र (4) भारत दुर्दशा

31 कौन सा नाटक जयशंकरप्रसाद रचित नहीं है?

(1) जनमेजय का नागयज्ञ (2) महाराणा प्रताप

(3) विशाख (4) स्कन्दगुप्त

32 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) हरिकृष्ण प्रेमी – रक्षा बंधन

(2) लक्ष्मी नारायण मिश्र – राक्षस का मंदिर

(3) श्रीनिवास दास – अंधा कुआँ

(4) उपेन्द्रनाथ अश्क – अंजो दीदी

33 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) भीष्म साहनी – हानूश
(2) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना – बकरी
(3) सुरेन्द्र वर्मा – आठवाँ सर्ग
(4) शंकरशेष – मिस्टर अभिमन्यु

34 समस्यापूर्ति किस काल की कविता की प्रमुख प्रवृत्ति है?

(1) भारतेंदुयुग
(2) प्रगतिवाद
(3) छायावाद
(4) प्रयोगवाद

35 'शिवशंभु का चिट्ठा' लिखने वाले निबंधकार थे :

(1) बालमुकुन्द गुप्त
(2) शिवपूजन सहाय
(3) नाथूराम शर्मा 'शंकर'
(4) सरदार पूर्णसिंह

36 निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है :

(1) चंद्रधर शर्मा गुलेरी – मारेसि मोहि कुठांव
(2) रामचंद्र शुक्ल – चिन्तामणि
(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी – चितवन की छाँह
(4) कुबेरनाथ राय – रस आखेटक

37 विद्यानिवास मिश्र का निबंध संग्रह इनमें से नहीं है :

(1) तुम चन्दन हम पानी
(2) गेहूँ और गुलाब
(3) आँगन का पंछी और बंजारा मन
(4) मैंने सिल पहुँचाई

38 (क) हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंधों में सांस्कृतिक विरासत के वर्चस्व के साथ नवीन जीवन बोध, उत्कट जिजीविषा और नयी सामाजिक समस्याओं के बीच राह पाने की ललक सर्वत्र दिखाई पड़ती है।

(ख) विद्यानिवास मिश्र की तरह कुबेरनाथ राय भी हजारीप्रसाद द्विवेदी संस्थान के निबंधकार हैं।

– इन कथनों से संबद्ध सही विकल्प कौन सा है?

(1) कथन (ख) का कथन (क) से कोई संबंध नहीं है।
(2) दोनों सही हैं।
(3) दोनों गलत हैं।
(4) (क) गलत और (ख) सही है।

39 इनमें से सुमेलित नहीं है :

(1) नगेन्द्र – रसवादी समीक्षक

(2) नन्ददुलारे वाजपेयी – छायावादी समीक्षक

(3) नामवर सिंह – मार्क्सवादी समीक्षक

(4) हजारीप्रसाद द्विवेदी – मनोविश्लेषणवादी समीक्षक

40 मनोविश्लेषणवादी समीक्षक नहीं है :

(1) अज्ञेय
(2) प्रकाशचन्द्र गुप्त
(3) देवराज उपाध्याय
(4) इलाचन्द्र जोशी

41 निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है :

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी – कबीर

(2) रामविलास शर्मा – प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ

(3) देवराज उपाध्याय – आधुनिक हिन्दी कथासाहित्य और मनोविज्ञान

(4) लक्ष्मीकान्त वर्मा – कविता के नये प्रतिमान

42 आंचलिक उपन्यास नहीं है :

(1) मछली मरी हुई
(2) अलग–अलग वैतरणी
(3) जल टूटता हुआ
(4) परती परिकथा

43 कौन सी रचना मैत्रेयी पुष्पा की नहीं है?

(1) शेष कादम्बरी
(2) कही ईसुरी फाग
(3) चाक
(4) झूलानट

44 'चित्र तुरंग न्याय' से नट को ही वास्तविक राम समझकर दर्शक रसानुभूति करता है।' यह मान्यता किसकी है?

(1) भट्ट नायक
(2) शंकुक
(3) अभिनव गुप्त
(4) भट्ट लोल्लट

45 इनमें से 'रस' का व्याख्याकार नहीं है :

(1) नगेन्द्र (2) रामचंद्र शुक्ल

(3) श्यामसुंदर दास (4) प्रकाशचंद्र गुप्त

46 अरस्तू के परवर्ती व्याख्याकारों ने विरेचन के तीन अर्थ किये हैं। इनमें से कौन सा अर्थ व्याख्याकारों ने नहीं किया ?

(1) अर्थपरक (2) नीतिपरक

(3) धर्मपरक (4) कलापरक

47 'पेरी इप्सुस' का सम्बन्ध है :

(1) उदात्त से (2) विरेचन से

(3) अनुकरण से (4) अध्यात्म से

48 आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किन दो सिद्धान्तों में साम्य की बात की है ?

(1) अनुकरण सिद्धान्त – वक्रोक्ति सिद्धान्त

(2) अभिव्यंजनावाद – रस सिद्धान्त

(3) अभिव्यंजनावाद – वक्रोक्ति सिद्धान्त

(4) औदात्य सिद्धान्त – औचित्य सिद्धान्त

49 'नागमती वियोग खण्ड' की पहली पंक्ति कौन–सी है?

(1) पाट महादेई ! हिये न हारू

(2) चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा

(3) नागमती चितउर पथ हेरा

(4) पिउ वियोग अस बाउर जीऊ

50 प्रेमगाथाओं के संदर्भ में शुक्लजी का विचार इनमें से कौन–सा नहीं है?

(1) प्रेमगाथाओं की रचना फारसी की मसनवी शैली के ढंग पर हुई हैं।

(2) इस शैली की प्रेम कथाएँ एक ही छन्द में लिखी होती हैं।

(3) इस शैली की प्रेमगाथाएँ मुसलमानों और हिन्दुओं ने समान रूप से लिखी हैं।

(4) ये प्रेम कहानियाँ पूर्वी हिन्दी अर्थात् अवधी भाषा में लिखी गई हैं।

51 'जाय कहौ बूझी कुसलात।' यह पंक्ति किसने किससे कही ?

(1) कृष्ण ने उद्धव से

(2) गोपियों ने उद्धव से

(3) उद्धव ने गोपियों से

(4) उद्धव ने कृष्ण से

52 निम्नलिखित में प्रकाशन वर्ष का सही क्रम है :

(1) झरना, लहर, आँसू, कामायनी

(2) आँसू, झरना, लहर, कामायनी

(3) झरना, आँसू, लहर, कामायनी

(4) लहर, झरना, आँसू, कामायनी

53 प्रकृति के यौवन का शृंगार, करेंगे कभी न बासी फूल,
मिलेंगे वे जाकर अतिशीघ्र, आह उत्सुक है उनकी धूल।
इन पंक्तियों का सही संदर्भ इनमें से कौन–सा है?

(1) ये पंक्तियाँ मनु ने श्रद्धा से कही हैं।

(2) ये पंक्तियाँ इड़ा ने कही हैं।

(3) ये पंक्तियाँ श्रद्धा ने कही हैं।

(4) ये पंक्तियाँ इड़ा ने मनु से कही हैं।

54 निराला के संदर्भ में कौन सा कथन गलत है?

(1) 'जूही की कली' से मुक्त छन्द का प्रवर्तन किया।

(2) निराला ने मुक्त तथा छन्दबद्ध दोनों प्रकार की कविताएँ लिखीं।

(3) निराला काव्य में तत्सम शब्दावली के साथ देसी भंगिमा के शब्द भी हैं।

(4) 'राम की शक्तिपूजा' की रचना उनकी पुत्री की मृत्यु से उत्पन्न शोक के कारण हुई थी।

55 (क) राम की शक्तिपूजा में निराला ने युगचेतना के अनुरूप दर्शन, मनोविज्ञान और राष्ट्रभावना का आधार ग्रहण कर कथा को आधुनिक रूप प्रदान किया है।

(ख) नगेन्द्र की दृष्टि में राम की शक्तिपूजा में पात्रों की चारित्रिक गरिमा का संरक्षण हुआ है।

इन कथनों से संबद्ध सही विकल्प है –

(1) (क) और (ख) सही हैं।

(2) (क) सही और (ख) गलत हैं।

(3) (क) और (ख) गलत हैं।

(4) (ख) सही और (क) गलत हैं।

56 मुक्तिबोध के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन असत्य है?

(1) 'अंधेरे में' कविता का शीर्षक मुक्तिबोध ने मूलतः 'आशंका के दीप : अंधेरे में' रखा था।

(2) मुक्तिबोध की इच्छा के बावजूद संकलन प्रकाशन के समय 'अंधेरे में' कविता के शीर्षक से 'आशंका के दीप' नहीं हटाया गया।

(3) संकलन प्रकाशन के समय 'अंधेरे में' कविता के शीर्षक से 'आशंका के दीप' हटा दिया गया।

(4) 'अंधेरे' में कविता देश के आधुनिक जन – इतिहास का, स्वतंत्रता पूर्व और पश्चात् का एक दहकता इस्पाती दस्तावेज है।

57 कौन सा कथन असत्य है ?

(1) 'अंधेरे में' कविता अपने अन्दर की इस लड़ाई की प्रतीक कविता है जिसमें घोर अवसाद और घोर विद्रोह के तत्व हैं।

(2) एक केंद्रीय फेंटेसी और उसकी भीतरी पर्तों में प्याज के छिलके की भाँति छिपी अन्य फेंटेसियाँ।

(3) इस कविता का मूल कथ्य अस्मिता की खोज नहीं, अपितु इसमें आध्यात्मिकता और रहस्यवादिता है।

(4) मुक्तिबोध साहित्य और राजनीति की प्रगतिशील परम्परा के प्रति अत्यन्त जागरूक रहने वाले कवि थे।

58 कबीर के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन असत्य है?

(1) कबीर के काव्य में रहस्यवाद मिलता है।

(2) कबीर ने स्वयं को परोक्ष सत्ता की प्रिया के रूप में कल्पित किया है।

(3) कबीर के अनुसार परम तत्व किसी में व्याप्त नहीं है।

(4) कबीर के अनुसार माया महाठगिनी है।

59 कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) गोदान – भोला, झुनिया

(2) शेखर एकजीवनी – शशि, दुलारी

(3) आधे अधूरे – सावित्री, जुनेजा

(4) चंद्रगुप्त – सिंहरण, आंभीक

60 "नारी परपुरुष पर कितनी आसानी से विजय पा सकती है, इसका आज उन्हें जीवन में पहला अनुभव हुआ।" यह अनुभव किसे हुआ ?

(1) मिर्ज़ा खुर्शीद को (2) झिंगुरी सिंह को

(3) मेहता को (4) राय साहब को

61 "सौम्य ! कुलपति ने मुझे गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने की आज्ञा दे दी।" यह कथन किसका है?

(1) सिंहरण का आम्भीक से (2) चन्द्रगुप्त का चाणक्य से

(3) चाणक्य का सिंहरण से (4) चाणक्य का चंद्रगुप्त से

62 "विशिष्ट पद रचना रीतिः। विशेषो गुणात्मा।" यह कथन किस ग्रंथ से है?

(1) काव्यालंकार सूत्रवृत्ति (2) रति रहस्य

(3) रस गंगाधर (4) साहित्य दर्पण

63 "औचित्यं रस सिद्धस्थ स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।" यह कथन किसका है ?

(1) आचार्य भरत (2) क्षेमेन्द्र

(3) राजशेखर (4) अभिनव गुप्त

64 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के संदर्भ में कौन सी उक्ति गलत है ?

(1) शुक्लजीने व्यक्ति धर्म के स्थान पर लोकधर्म को श्रेयस्कर बताया।

(2) शुक्लजी के अनुसार लोकहृदय में हृदय के लीन होने की दशा का नाम रस दशा है।

(3) शुक्लजी ने सूफी कवि जायसी को भक्तों की कोटि में परिगणित किया है।

(4) शुक्लजी छायावाद के आध्यात्मिक रहस्यवादी रूप के समर्थक थे।

65 ''काव्यं यश से अर्थकृते व्यवहार विदे शिवेतर क्षयते।
सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेश युजे।''
इस कथन के बारे में कौन–सा युग्म सही है?

(1) भरत – काव्य प्रयोजन
(2) भामह – काव्य प्रयोजन
(3) रुद्रट – काव्य हेतु
(4) मम्मट – काव्य प्रयोजन

66 आचार्य भरत ने कितने रसों का वर्णन किया है?

(1) सात
(2) आठ
(3) नौ
(4) छह

67 कौन–सा युग्म सुमेलित है?

(1) मम्मट – ध्वन्यालोक
(2) भामह – काव्यप्रकाश
(3) दण्डी – काव्यादर्श
(4) आनंदवर्धन – काव्यालंकार

68 ''काव्यशोभाकरान् धर्मालंकारान्प्रचक्षते।'' यह पंक्ति किसकी है?

(1) भामह
(2) दण्डी
(3) वामन
(4) रुद्रट

69 प्रसाद के नाटकों के संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है?

(1) प्रसाद के नाटकों में देव, असुर एवं मानव तीनों श्रेणी के पात्र हैं।

(2) प्राचीन सामाजिक और नैतिक आदर्श के साथ नवीन व्यक्ति–स्वातंत्र्य का संगम प्रसाद में नहीं मिलता है।

(3) प्रसाद के नाटकों में राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना है।

(4) ध्रुवस्वामिनी नाटक में विवाह–विच्छेद पर प्रसादजी का दृष्टिकोण उन्हें संस्कृति का सजग द्रष्टा घोषित करता है।

70 निर्गुण भक्ति में माधुर्यभाव का समावेश होने पर क्या होता है?

(1) अद्वैतवाद का अभ्युदय होता है ।

(2) सगुण भक्ति का अभ्युदय होता है।

(3) रहस्यवाद का अभ्युदय होता है।

(4) ज्ञानवाद का अभ्युदय होता है।

71 भारत में 'प्रगतिशील लेखक संघ' के प्रथम अधिवेशन से जुड़ा कौन सा संदर्भ सही है?

(1) 1936, सज्जाद ज़हीर, अलीगढ़

(2) 1936, प्रेमचन्द, लखनऊ

(3) 1936, मुल्कराज आनन्द, इलाहाबाद

(4) 1936, प्रसाद, बनारस

72 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' पंक्ति किसकी है?

(1) आचार्य भरत (2) विश्वनाथ

(3) राजशेखर (4) वामन

73 शेखर का संपर्क किस पात्र से नहीं है?

(1) शारदा (2) शशि

(3) सरस्वती (4) शुचिता

74 निम्नलिखित में से किसने एक भी ऐतिहासिक उपन्यास नहीं लिखा?

(1) रांगेय राघव (2) वृन्दावनलाल वर्मा

(3) चतुरसेन शास्त्री (4) नागार्जुन

75 'विडम्बना' का अंग्रेजी पर्याय है :

(1) डेविएशन (2) पेराडॉक्स

(3) एब्सर्ड (4) आयरनी

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह